दैनिक भास्कर

नकली इंजन ऑयल बेचने वाला व्यापारी गिरफ्तार:53 हजार से ज्यादा का नकली स्टॉक जब्त,गंज पुलिस ने कैंट RO के नकली पार्ट्स जब्त किए

राजधानी रायपुर में नकली इंजन ऑयल बेचने वाले व्यापारी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। व्यापारी की दुकान में रेड मारकर नकली माल भी जब्त कर लिया गया है। आरोपी हीरो मोटोकॉर्प कंपनी के नकली इंजन ऑयल की बिक्री करता था। शिकायत मिलने के बाद मौदहापारा थाना की पुलिस ने ये कार्रवाई की है।

पुलिस को संजय जादवानी ने बताया कि वह हीरो मोटोकॉर्प कंपनी का रजिस्टर्ड डिस्ट्रीब्यूटर है। उसने 24 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराई की शदाणी दरबार स्थित शिव शक्ति लुब्रिकेन्ट्स का मालिक रोहित पिंजानी हीरो कंपनी के नकली ऑयल बेचता है। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के दुकान की जांच की तो ऑयल के नकली होने की शिकायत सही निकली। जिसके बाद पुलिस ने दुकान में पड़े 280 बोतल हीरो मोटोकॉर्प का नकली इंजन ऑयल 4 टी प्लस को जब्त कर लिया है। इसकी कीमत कीमत लगभग 53,200 रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने व्यापारी के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

2 दिन पहले ही एक और व्यक्ति को कैंट RO के नकली पार्ट्स को बेचने के आरोप में गंज थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया था। आरोपी वाटर फिल्टर के कैंट आरो कंपनी के नकली प्रोडक्ट को लोगों को असली बताकर दुकान में बेचा करता था।

Source: https://www.bhaskar.com/local/chhattisgarh/raipur/news/fake-stock-worth-more-than-53-thousand-seized-ganj-police-seized-fake-parts-of-cantt-ro-131090015.html